तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 31 दिसंबर 2023

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4

अनियंत्रित महतारी एक्सप्रेस घर में घुसी, वाहन क्षतिग्रस्त



## खबर संक्षेप

### नवविवाहिता ने मौत को लगाया गले, कारण अज्ञात

**रायगढ़।** रात में धान की रखवाली करने पति खलिहान गया तो नवब्याहता ने दूधमुंही बच्ची को बिस्तर में सुलाते हुए फांसी लगा ली। यह दुखद प्रसंग खरसिया क्षेत्र का है। पुलिस जांच कर रही है। जोबी चौकी प्रभारी चन्द्रकुमार सिंगार ने बताया कि कोठीकुंडा में खेती करने वाले विनोद राठिया की शादी 3 साल पहले करतला के ग्राम पीडिया निवासी वैजयंती 23 वर्ष के साथ हुआ था। दोनों की सालभर की एक बेटी भी है। विगत दिवस वैजयंती को छोड़ परिवार के साथ सभी सदस्य काम करने खेत गए। विनोद दोपहर खेत से घर गया तो भोजन नहीं पका था इसलिए उसने वैजयंती से खाना बनवाया और खाकर फिर खेत चला गया। देर शाम सभी लोग खेत से घर लौटे मगर विनोद भोजन लेकर धान की रखवाली करने खलिहान चला गया। रात को वैजयंती को न जाने क्या हुआ कि अपनी दूधमुंही बेटी को बिस्तर में सुलाते हुए उसने फांसी लगा ली। सुबह जब मासूम बच्ची की काफी देर तक रोने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में गए तो वहां वैजयंती के शव को संदिग्ध परिस्थितियों में झूलते देख उनके होश उड़ गए। पुलिस मर्ग कायम कर नवविवाहिता की खुदकुशी के कारणों को जानने के लिए उसके मायके पक्ष का भी बयान ले रही है।

### घरघोड़ा एसडीएम मुख्यालय अटैच

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में संशोधन करते हुए जिला मुख्यालय में पदस्थ कार्यरत अधिकारियों के मध्य कार्य संपादित करने हेतु अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त हेतु कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत ज्वाइंट कलेक्टर धनीराम रात्रे को नजूल अधिकारी बनाया गया है। रमेश कुमार मोर डिप्टी कलेक्टर को घरघोड़ा एसडीएम बनाया गया है तो वही घरघोड़ा एसडीएम रही ऋषा ठाकुर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय एवं मण्डी निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। जिला मुख्यालय में अस्थाई रुप में पदस्थापना दी गई है।

### योजनाओं से मिले लाभ को बयां कर रहे हितग्राही




**सारंगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उनको योजनाओं से हुए लाभ को ग्रामीणों के सामने शिविर में बताया जा रहा है। इन योजनाओं में पीएम आवास योजना ग्रामीण, आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, पीएम उज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान, पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि शामिल हैं। जिला टीम द्वारा संबंधित पोर्टल में विभाग के अनुसार अपलोड भी किया जा रहा है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम गिरहुलपाली और गोबरसिंघा में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम टाडीपार और पहन्दा में किया गया। बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम धाराशिव, डोकरीडीह, मुच्छमल्दा और दुम्हानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। मुच्छमल्दा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुभाष जालान और डॉ दिनेश जांगड़े उपस्थित थे। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था। प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम धरती कहे पुकार के के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बीते वर्ष की तुलना में 4 हजार 400 कम बने प्रकरण

# 8 माह में बेटिकट यात्रियों पर 56 लाख 60 हजार का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन सहित ट्रेन मे बेटिकट यात्रियों पर बीते 8 माह में इस वर्ष 11 हजार 113 मामले दर्ज किए गए। वहीं इन बेटिकट यात्रियों पर करीब 56 लाख 60 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया। हालांकि बीते वर्ष नवंबर माह की तुलना इस वर्ष नवंबर माह तक 4 हजार 403 कम प्रकरण दर्ज किए गए।

गौरतलब है कि बेटिकट यात्रियों पर लगातार अभियान चला कर जुर्माना लगाया जाता है। यह अभियान समय समय रेलवे स्टेशन सहित ट्रेनों में चलाया जाता है। इतनी बार कार्रवाईयां होने के बाद भी बेटिकट यात्री बाज नहीं आते। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन में या फिर ट्रेन में बेटिकट सफर करने वालों पर बीते वर्ष करीब 15 हजार 516 प्रकरण दर्ज किए गए थे। इन प्रकरणों में करीब 1 करोड़ 23 लाख 67 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया था। वहीं वर्ष 20023 में नवंबर माह तक 11 हजार 113 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमे 56 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया गया है। यानी बीते वर्ष की तुलना में इस बार 67 लाख 7 हजार 483 कम जुर्माना राशि वसूल की गई है।




**हर माह घटे प्रकरण व जुर्माने**

आंकड़ों की बात करें तो बीते वर्ष और इस वर्ष कार्रवाई के प्रकरण और जुर्माने की राशि में अंतर देखा गया है। बीते वर्ष जुर्माने की राशि करोड़ों में पहुंच गई थी, जबकि इस वर्ष इसका करीब 50 फीसदी ही जुर्माना वसूल किया जा सका है। वहीं बीते वर्ष जहां हर माह जुर्माने की राशि बढ़ती हुई नजर आई, वहीं इस वर्ष हर माह यह राशि घटती हुई दिखी।

**फैक्ट फाइल**

| माह | केस | जुर्माना |
|---|---|---|
| मई | 1370 | 688900 |
| जून | 1636 | 872360 |
| जुलाई | 1510 | 849845 |
| अगस्त | 1168 | 589410 |
| सितंबर | 1397 | 6700375 |
| अक्टूबर | 1292 | 665050 |
| नवंबर | 1416 | 646145 |

# सेंट्रल बैंक के मैनेजर के सूने मकान में चोरी

### एक लाख का आभूषण सहित नकदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेंट्रल बैंक के मैनेजर के परिवार के सूने मकान में चोर सोने-चांदी के जेवर तथा कैश सहित 1 लाख का माल ले उड़े और पड़ोसियों को भनक तक नहीं लगी। दरअसल चोरों ने पुराने तालों को तोडऩे के बाद उसके बदले नए ताले लगा गए थे। यह वारदात पुसौर थाना क्षेत्र की है। सूत्रों के मुताबिक धनगांव के बीच बस्ती में अपनी बीवी अंबिका देवी के साथ रहने वाले 70 वर्षीय किसान घनश्याम पटेल का बेटा चित्रकान्त पटेल वर्तमान में सेंट्रल बैंक के मैनेजर के तौर पर महासमुंद में पदस्थ है।

ऐसे में बुजुर्ग दम्पत्ति अपने पुत्र के यहां जाने के लिए बीते 15 दिसंबर को गांव के घर में ताले लगाते हुए महासमुंद रवाना हुए। विगत दिवस घनश्याम जब वापस गांव लौटा तो घर के मुख्य दरवाजे में लगे ताले को लगे देख जब उसे खोलने की कोशिश की तो पता चला कि वह दूसरा ताला है। बुजुर्ग ने मिस्त्री बुलाकर ताले को खुलवाया और भीतर गया तो कमरेए गोदामए रसोई और पूजा कक्ष में लगे तालों को संदिग्ध परिस्थितियों में टूटा पाया। किसी अनजान घटना की आशंका से जब किसान ने आलमारी को चेक किया तो वह भी टूटा मिला। यही नहीं लॉकर में रखे सोने का हार, अंगूठी, लटकन, चांदी की पायल तथा 25 हजार रुपए नगद सहित 1 लाख से अधिक कीमत के माल को गायब देख उसके होश उड़ गए। बदहवास घनश्याम ने इसकी जानकारी आस पड़ोस के लोगों के साथ थाने में भी दी तो पुलिस ने मौके का जायजा लेने पर खुलासा हुआ कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोरी के बाद नए ताले लगा गए थे। बहरहाल बैंक मैनेजर के पिता की रिपोर्ट पर पुसौर पुलिस धारा 457, 380 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए छानबीन में जुटी है।

# सीएम का प्रवास उर्मिला के परिवार के लिए लेकर आया खुशियों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का रायगढ़ जिले का भुईंयापानी प्रवास उर्मिला बिरहोर के परिवार के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिरहोर समुदाय की उर्मिला को तत्काल रोजगार मिल गया है। उर्मिला अब अपने गांव के कन्या आश्रम में काम करेगी। उर्मिला ने मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल के लिए आभार जताया है। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों से मुलाकात करने शुक्रवार को रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम भुईंयापानी पहुंचे थे। चर्चा के दौरान जब मुख्यमंत्री श्री साय को यह जानकारी मिली कि बिरहोर समाज की उर्मिला आठवीं तक पढ़ी हैंए तो उन्होंने आश्चर्य मिश्रित खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विशेष पिछड़े जनजातीय समुदाय में जब पढ़े लिखे युवाओं की संख्या काफी कम है। ऐसे में उर्मिला का शिक्षित होना खुशी की बात है। उन्होंने तत्काल मौके पर ही कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को उर्मिला के लिए रोजगार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर त्वरित अमल

मुख्यमंत्री की इस संवेदनशील पहल से शाम तक उर्मिला को खुशखबरी मिल गई। उर्मिला अब अपने ही गांव कुर्रा के आदिवासी कन्या आश्रम में रसोईया के पद पर 30 दिसंबर से काम करेगी। मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्राप्त बिरहोर समुदाय को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए जरूरी हैए उन्हें शिक्षा और रोजगार से जोड़ा जाए। विशेष कर बिरहोर समुदाय की जो बच्चियां पढ़ी लिखी हैं उन्हें रोजगार के अवसर मुहैय्या कराना चाहिए। इससे परिवार के साथ पूरे समुदाय के विकास की नींव सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने उर्मिला बिरहोर से यह भी पूछा कि उन्हें सरकार की किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उर्मिला ने बताया कि उनका राशन कार्ड बनाया गया है। अब राशन भी मिलेगा।

### मेगा ब्लॉक के कारण टाटा इतवारी एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व रेल्वे के चक्रधरपुर मण्डल में मेगा ब्लॉक लेकर संरक्षा सबंधित महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे जिसके फलस्वरूप टाटानगर-इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मण्डल के अप लाइन में चक्रधरपुर-बिसरा के मध्य व डाउन लाइन में झारसुगुड़ा-राउरकेला के मध्य मेगा ब्लॉक लेकर संरक्षा संबन्धित महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे से चलने गुजरने वाली टाटानगर-इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित रहेगा जिसका विवरण नीचे दिया गया है। 30 दिसम्बर 6/13 व 20 जनवरी 2024 को टाटानगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनाँक 1,8,15 व 22 जनवरी 2024 को इतवारी से चलने वाली गाड़ी संख्या 18110 इतवारी. टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। ऐसी स्थिति में इस रुट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को दूसरे ट्रेनों में सफर करना पड़ेगा।

# रिजल्ट में गड़बड़ी व पुनर्गणना नहीं होने पर एनएसयूआई का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रिजल्ट में गड़बड़ी और उत्तर पुस्तिका की पुनर्गणना नहीं होने पर केजी कॉलेज में एनएसयूआई ने जमकर हल्ला बोला। छात्रों ने प्राचार्य कक्ष के बाहर जमीन में बैठते हुए न केवल कॉलेज और यूनिवर्सिटी के खिलाफ नारेबाजी की। बल्कि ज्ञापन सौंपते हुए छात्रहित में निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी। शुक्रवार दोपहर केजी कॉलेज यानी शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में उस समय तनाव की स्थिति बन गईए जब एनएसयूआई के यूनिवर्सिटी अध्यक्ष शाकिब अनवर के साथ दर्जनों छात्र-छात्राएं वहां प्रिंसिपल चेम्बर के सामने जमीन पर बैठे और कॉलेज व विश्वविद्यालय के विरुद्ध नारे लगाने लगे। दोपहर 12 से 2 बजे तक विरोध प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स के पक्ष में भाराछासं ने प्रिंसिपल और कुल सचिव के नाम प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रीतिबाला बैस को आवेदन भी सौंपा।

- डिग्री कॉलेज में प्राचार्य कक्ष के बाहर दिया धरना

एनएसयूआई नेता शाकिब अनवर ने बताया कि 6 महीने पहले रिजल्ट आने पर ऐसे स्टूडेंट्स भी फेल हुएए जिन्होंने कई सब्जेक्ट्स के आंसर सीट में अच्छा लिखा था। भाराछासं ने छात्रहित के इस मुद्दे को उठाते हुए यूनिवर्सिटी में लेटर भेजकर रिव्यू की मांग की। 5 माह गुजरने के बाद भी उसका रिजल्ट नहीं आने पर आरटीआई लगाई गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। वहीं विश्वविद्यालय से यह जवाब मिला कि कॉपी जांच नहीं कि जा सकतीए वो पात्र नहीं है।

जबकि प्रोफेसर्स का कहना है कि नंबर्स बढ़ सकते हैं। यही कारण है कि एनएसयूआई ने डिग्री कॉलेज में विरोध प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान भाराछासं के करन वैष्णव, कौशल मैत्री, आदिल खान, नैमिष भोय, बलराम चौहान, मोहन पटेल, मनीष गुप्ता, दीपक पटेल, तुषार भोय, निकिता जायसवाल, आकांक्षा रानी और सुजाता चौहान सहित अन्य छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।

# बरमकेला में आज व भटगांव में कल होगी संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़




विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नगर पंचायत सरिया के वार्ड 13 में रविवार 31 दिसंबर को दोपहर 2 बजे आयोजित किया गया है। वहीं यह शिविर सोमवार 1 जनवरी 2024 को नगर पंचायत बरमकेला में सुबह 10 बजे और भटगांव में दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

इस वीबीएसवाय शिविर में पीएम आवास योजना, पीएम स्व निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला आदि योजनाओं का स्टॉल लगाया जाएगाए जहां सभी नागरिकों को योजनाओं के लाभ के साथ साथ आवेदन, आयुष्मान और आधार कार्ड अपडेशन किया जाएगा। वीबीएस यात्रा में बिहान समूह की महिलाओं और स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार के के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# दर्रामुड़ा में जूटमिल व कोतरा में पुलिस ने लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा ग्राम दर्रामुड़ा में जन चौपाल लगाकर महिलाओं और रहवासियों को जागरूक किया गया गया। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव ने ग्रामीणों को अंधविश्वास, बाल विवाह, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशा मुक्ति, बैंक, फ्रॉड समेत अनेक मुद्दों को लेकर रहवासियों को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब, गांजा बेचने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। नए कानून के तहत अवैध शराब बनाने और बेचने पर अर्थदड़ और सजा बढ़ा है ऐसी गतिविधियों से बचें। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहने कहा गया कि ईनामी कूपन, लॉटरी, गाड़ी के नाम पर ओटीपी तो किसी से भी भूलकर शेयर न करें। दुपहिया चलाते वक्त मोबाइल का उपयोग नहीं करने हेलमेट का उपयोग करेंए सिग्नल देखकर सड़क पार करें। बच्चों के बालिग होने पर लाइसेंस के साथ वाहन चलाने दें और दुर्घटना से बचने बांयी दिशा में निर्धारित गति में वाहन चलाने की समझाईश दिया गया। ग्राम कोतरा में थाना कोतरारोड़ के सहायक उप निरीक्षक हेमसागर पटेल के साथ स्टाफ द्वारा ग्रामीणों को गांव के छोटे मोटे विवादों का ग्राम स्तर पर निराकरण करने तथा मिलजुल कर रहने की समझाइश दिया गया और किसी प्रकार का घटना, दुर्घटना पर पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112 का उपयोग करने बताए।

## जीएम ने दिया था आश्वासन, रेलवे मजदूर कांग्रेस की मांग लगातार जारी

# महिलाकर्मियों को जॉब कैटेगरी में बदलाव की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




रेलवे मजदूर कांग्रेस ने काफी पहले से रनिंग स्टाफ व ट्रक मैंटेनर विभाग सहित रेलवे के अन्य विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारियों के जॉब कैटेगरी में बदलाव की मांग कर रहे थे। अंततः कर्मचारी संगठन की यह मांग पर पूरी होने जा रही है। इस मांग पर रेलवे बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर ने भी समस्त जोन के जनरल मैनेजर इस संबंध में जानकारी मांगी है, वहीं संघ के जोनल अध्यक्ष द्वारा जीएम से भी इस संदर्भ में मुलाकात की गई थी। तब जीएम ने इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस मामले में कदम उठाए गए हैं। ऐसे में संगठन लगातार प्रयास कर रहा है। ज्ञात हो कि कुछ महिला कर्मचारियों द्वारा पूर्व में मंडल समन्वयक बी कृष्णकुमार से मुलाकात कर कार्य अवधि के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत कराया था। इस संबंध में विभागीय सूत्रों ने बताया कि करीब 8 वर्ष पहले महिला कर्मचारियों को कार्य के दौरान होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान के रूप में इस विकल्प को रेलवे बोर्ड के समक्ष रखा गया था। तब से लेकर लगातार लोको रनिंग तथा ट्रैक मैटेंनर आदि विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जॉब कैटेगरी में बदलाव की मांग की जाती रही। कई बार इसके लिए रेलवे बोर्ड से पत्राचार भी किया गया, वहीं हर बार अलग अलग मंच व माध्यमों से रेलवे बोर्ड को इसे लागू करने की मांग की जाती रही। अंततः अब रेलवे बोर्ड ने समस्त रेलवे मंडल के जीएम को इस विकल्प का लाभ लेने वाली महिला कर्मचारियों की जानकारी एकत्र करने के साथ ही इस विकल्प को लागू करने को लेकर निर्देशित किया गया है।

### महिला कर्मचारियों को मिलेगी राहत

अहम बात यह है कि इस विकल्प के लागू होने पर ऐसी महिला कर्मचारी जिन्हें शारीरिक, पारिवारिक तथा स्वास्थ्यगत समस्याएं या परेशानियां हैं वह इसका लाभ ले सकती हैं। एक प्रकार से यह कहें तो अब वे फिल्ड वर्क से कार्यालयीन कार्य में शिफ्ट हो सकती हैं, जिससे उन्हें थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।

### 8 साल से चल रहा प्रयास

इस संबंध में संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मांग को लेकर बीते 8 वर्ष से लगातार प्रयास जारी है। वर्तमान में भी उच्चाधिकारियों से लगातार मौखिक व पत्राचार के माध्यम से चर्चा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस व्यवस्था से महिला कर्मचारियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

### ओपी की पहल पर रायगढ़ कोरबा सीधी रेल सेवा को हरी झंडी

**रायगढ़।** विधायक रहते ओपी चौधरी ने बिलासपुर डीआरएम को पत्र लिखकर कोरबा से रायगढ़ तक सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग की थी। 16 दिसंबर को लिखे पत्र में विधायक रहते ओपी ने बिलासपुर डी आर एम को लिखे पत्र में कहा था कि दक्षिण पूर्वी मुख्य रेलवे मार्ग मे रायगढ़ स्थित है। छत्तीसगढ़ गठन के बाद निकटवर्ती राज्य ओडिसा से लगे रायगढ़ जिले का तेजी से ओद्योगिक विकास हुआ है। रायगढ़ कोरबा के मध्य सीधी रेल सुविधा शुरू किए जाने की बहु प्रतीक्षित मांग पर विचार करने का उल्लेख करते हुए विधायक ओपी ने कोरबा रेल सीधी रेल सेवा के प्रस्ताव को अविलंब मंजूरी दिए जाने की बात कही। ओपी के इस पत्र को गंभीरता से लेते हुए मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पांडे ने वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मंडल वाणी प्रबंधक मंडल यांत्रिक अभियंता के साथ आहूत बैठक में गाड़ियों की प्रचलन की समीक्षा की। रेल प्रबंधक द्वारा ओपी के पत्र के मद्देनजर अधिकारियों से चर्चा के बाद कोरबा से रायगढ़ के मध्य सीधी ट्रेन चलाने संबधी आदेश को हरी झंडी दे दी गई। इस आदेश के बाद जल्दी ही कोरबा एवं रायगढ़ के यात्रियों को बिना गाड़ी बदले कोरबा रायगढ़ तक सीधी रेल सेवा का लाभ मिल सकेगा।

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव 1 व 2 को

**पामगढ़।** पामगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन की तिथि तय हो गई है। अध्यक्ष के लिए 1 जनवरी और उपाध्यक्ष के लिए 2 जनवरी को मतदान होगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सम्मिलन कराने के लिए पामगढ़ एसडीएम को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। पामगढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष राजकुमार पटेल और उपाध्यक्ष मनीष सिंह चंदेल के खिलाफ जनपद सदस्यों ने आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के पास अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन दिया था। इस पर कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन कराने के लिए 1 जनवरी की तारीख तय की है। इसी तरह उपाध्यक्ष मनीष सिंह चंदेल के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मिलन के लिए 2 जनवरी को तारीख दी है। पीठासीन अधिकारी पामगढ़ एसडीएम आरके तंबोली की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कार्यालय पामगढ़ के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे सम्मिलन की प्रक्रिया शुरु होगी

### बालगृह की स्थापना व संचालन के लिए प्रस्ताव 2 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह (बालक) एजेन्सी के संचालन हेतु 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।

### प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा समाधान के संबंध में की चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा, अकलतरा एवं पामगढ़ के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय और लेखा संबंधी विवरणों के संबंध में व्यय प्रेक्षक विमल चंद्रदास की अध्यक्षता में जिला पंचायत जांजगीर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशियों के निर्वाचन प्रचार-प्रसार के लिए किये गए सम्पूर्ण लेखा एवं व्यय संबंधी विवरण व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आर.के. खुंटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक पर प्राणघातक हमला, एक गिरफ्तार एक की तलाश जारी

**सक्ती।** आपसी रंजिश को लेकर युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक फरार आरोपी की तलाश अभी भी जारी है। मामला सक्ती के बुधवारी बाजार का है। इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को सक्ती पुलिस को सूचना मिली कि बुधवारी बाजार के पानी टंकी के पास तीन लोग राजू लाल उर्फ रौशन निवासी ग्राम पंचायत टेमर थाना सक्ती के ऊपर लाठी- डंडे से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोटिल कर दिया है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आहिरे को अवगत कराने पर, उन्होंने तत्काल घायल का ईलाज कराने एवम आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी सक्ती को दिए। एएसपी श्रीमती गायत्री सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस की टीम ने इस मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए धारा 307 के तहत अपराध विवेचना करते हुए,ए क आरोपी राहुल लाल यादव उम्र 20 वर्ष को निवासी ग्राम पंचायत नंदेली को घटना दिवस को ही गिरफ्तार कर लिया। जिसे रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गय। जँहा से उसे जेल दाखिल कर दिया गया। मामले के दो आरोपी फरार सज्जू खान और मानव सिदार घटना करके फरार हो गए थे, जिनकी पता तलाश की जा रही थी। सक्ती ने नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के नेतृत्व में फरार आरोपियों की सघन पतासाजी शुरू की गई। आरोपीगण अपना मोबाइल बंद करके फरार हो गए थे।

### मुख्यमंत्री से मिलकर शुभकामनाएं देने वालों का देर रात तक लगा रहा तांता

# मुख्यमंत्री का गजमाला, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर लोगों ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर/पत्थलगांव





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देने वाले लोगों का शुक्रवार देर रात तक तांता लग रहा। मुख्यमंत्री रायगढ़ और जशपुर जिले के गांवों के दौरे के बाद अपने गृह ग्राम बगिया में रात्रि विश्राम कर रहे थे। उनके निवास स्थल पर बड़ी संख्या में समाज प्रमुखों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित आसपास के ग्रामीण ने मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने बड़ी आत्मीयता के साथ लोगों से मुलाकात की। जशपुर रायगढ़ अंचल का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने वाले विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने से क्षेत्र के लोगों में अपार उत्साह और खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री से मिलने लोग आसपास के क्षेत्र से लगातार आते रहे। मुख्यमंत्री को गजमाला, पुष्प हार, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर लोगों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत सहित रामप्रताप सिंह, कृष्णा राय, भरत साय,शिवशंकर साय, रोहित साय, सुनील गुप्ता, भरत सिंह, मुकेश शर्मा, उपेंद्र यादव, श्री ओम प्रकाश सिन्हा, विभिन्न पदाधिकारी गण एवं समाज के प्रतिनिधि गण, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान नागवंशी समाज के प्रतिनिधियों ने उनका सम्मान किया। इसके साथ ही भुईया समाज, तुरी समाज, महकुल समाज, रौनियर समाज, डोम समाज, रौतिया समाज, मछुवा समाज, साहू समाज, सर्व आदिवासी समाज, ठेठवार समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। पत्थलगांव से आए प्रतिनिधिमंडल, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, कांसाबेल, शिक्षक संघ,वन कर्मचारी संघ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ, सोढ़ी समाज, डीएवी स्कूल के शिक्षक स्टाफ, प्रेस क्लब के सदस्यों, पटवारी सचिव संघ के सदस्यों ने भी मुलाकात कर मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मिस्टर फेम ऑफ छत्तीसगढ़ इंडिया बने कुंजारा के प्रेम साय



**रायगढ़।** ब्यूटी मॉडलिंग शो कंपीटीशन में लैलूंगा ब्लाक के कुंजारा ग्राम के प्रेम साय भगत मिस्टर फेम ऑफ छत्तीसगढ़ इंडिया 2023 के टैग के साथ विजेता बन गए उनकी इस उपलब्धि पर घर परिवार ग्राम ब्लाक समेत पूरा रायगढ़ जिला गौरवांवित महसूस कर रहा है।

यह मॉडलिंग शो एपी प्रोडक्शन के द्वारा बिलासपुर के 36 मॉल में दिनाक 26 के शाम में सम्पन हुआ। यह ब्यूटी मॉडलिंग शो कंपीटीशन ग्रैंड फिनाले तीन राउंड का था। इस कंपीटिशन को जीत कर उन्होंने ग्राम ब्लाक ही नही बल्कि पूरे जिले को गौरवांवित किया है। अपने से जुड़े सभी लोगों को गर्व महसूस कराया है और अपने गांव शहर को एक नई पहचान दिलाई है प्रेम साय भगत बचपन से ही कला संस्कृति के प्रेमी है। वह इस जीत को छत्तीसगढ की कला संस्कृति को देश दुनिया में फैलाने का पहला कदम मानते है। यह रायगढ़ जिले से लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम कुंजारा के है। इन्होंने रायगढ़ जिले से पहला आदिवासी लड़का मॉडल मिस्टर फेम ऑफ छत्तीसगढ 2023 बनकर इतिहास रचा है। उनके इस उपलब्धि पर परिवारजनो ग्रामवासियों के साथ रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 46 के पार्षद रमेश कुमार भगत श्रीमती सरस्वती भगत जो प्रेम साय के दीदी जीजाजी है ने बधाई और आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रेम साय ने बताया कि बचपन से ही मुझे ऐसा कुछ करने की इच्छा थी जिससे मेरे साथ मेरे देशवासियों को भी गर्व हो एमैंने मॉडलिंग को अपना पैशन बनाया मेरे इस सफर में मेरा परिवार हमेशा साथ खड़ा रहा माता पिता के आशीर्वाद से ही आज मैने यह मुकाम पाया मैं मेरे परिवार, ग्राम, ब्लाक, रायगढ़ जिले के संमस्त जन को आभार ब्यक्त करता हु जिन्होंने मुझे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सपोर्ट किया।

## बृजमोहन को शिक्षामंत्री बनाए जाने से फेडरेशन में उत्साह: चटर्जी



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं ज़िलाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, महामंत्री संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष अवनीश पांडेय ने बृजमोहन अग्रवाल को स्कूल शिक्षा मंत्री का दायित्व मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। फेडरेशन ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुधारने में बृजमोहन अग्रवाल का अनुभव तथा उनके निर्णय लेने की क्षमता से शिक्षक संवर्ग के विभागीय सेवाकालीन मुद्दों का समाधान होगा। फेडरेशन का कहना है कि राज्य स्तर पर पदोन्नति विगत पांच वर्षों से लंबित है। स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 में वर्णित नियमों एवं प्रावधानों के विरुद्ध वरिष्ठता सह उपयुक्तता को दरकिनार करते हुए प्रशासकीय पदों पर पदीय जूनियर व्यक्ति को पदस्थ किया गया है। जिसके कारण प्रशासकीय व्यवस्था एवं नियंत्रण बिगड़ गया है। विभागीय अधिकारी के उच्च पद पर जूनियर व्यक्ति पदस्थ हैं। सीनियर व्यक्ति अपने जूनियर के अधीन काम करने विवश हैं। जिसके कारण प्रशासकीय असंतुलन पैदा हो गया है। वरिष्ठ व्यक्ति पदोन्नति पाने के आस में सेवानिवृत्त हो गए हैं अथवा होने वाले हैं। फेडरेशन का कहना है कि प्राचार्य पद पर पदोन्नति का मामला हो अथवा व्याख्याता पद पर पदोन्नति हो केवल विवाद और कागजी घोड़ा दौड़ रहा है। शिक्षा विभाग में प्रभारवाद हावी है, जिसका समाधान आवश्यक है। सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत नहीं हुआ लेकिन विभाग मौन है ! वेतन विसंगति के मुद्दे पर हड़ताल हुआ, कमेटी बनी लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ! विभागीय कामकाज का ये आलम है कि प्राथमिक प्रधान पाठक (अराजपत्रित) को वेतनमान 15600-39100 ग्रेड पे 5400 (लेवल-12) स्वीकृत हो जाता है! लेकिन उच्च पद पूर्व माध्यमिक प्रधानपाठक (राजपत्रित) के मामले में विभाग मौन है। फेडरेशन का कहना है कि स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूल (सेजस) में परिवर्तित कर स्वीकृत पदों को एक प्रकार से समाप्त कर दिया गया है। इन विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों के पदस्थापना को परिवर्तित कर प्रतिनियुक्ति में पदस्थ किया गया है।

### शबरीडेरा में लगे स्ट्रीट लाइट महज शोपीस हो रहा साबित, तीन माह से बनी हुई है समस्या

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरी डेरा में लगा स्ट्रीट लाइट शोपीस बनकर रह गया है। खास बात यह है कि इस तरह की समस्या विगत तीन महीनों से बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जिसका खामियाजा ग्रामवासियों को भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरीडेरा में अंधेरे से मुक्ति दिलाने के लिए हर पंचायत में तिराहे चोराहो पर स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी, लेकिन पंचायत की अनदेखी की वजह से साथ ही ग्राम पंचायत लगभग हर बिजली खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगाया गया था। जिसमे से अधिकांश लाइट खराब हो चुकी है। तीन माह बीत जाने के बाद भी आज तक शबरी डेरा में लगे हर खंभों में स्ट्रीट लाइट लगे बिगड़े पड़े हुए है और जनप्रतिंनिधी और ग्राम सचिव इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जिले में संचालित

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। इसके तहत कारपेंट,नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तीकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी और मछली का जाल बनाने वाले सहित कुल 18 शिल्पकार और कारीगरों शामिल किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत बुनियादी एवं उन्नत प्रशिक्षण राशि 500 प्रतिदिन प्रशिक्षण मानदेय, टूल किट खरीदने हेतु 15 हजार प्रोत्साहन राशि, रियायती दर 5 प्रतिशत पर ऋण प्रथम बार लेने पर राशि 1 लाख एवं दूसरे चरण में राशि 2 लाख ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए कारीगर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में स्थित लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) में जाकर आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, बैंक पासबुक एवं राशन कार्ड के साथ पंजीयन करा सकते हैं।

## पहाड़ी कोरवा व बिरहोर जनजाति को मुख्य धारा में जोड़ने किया जागरूक



**जशपुरनगर।** जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जनजाति समुदाय को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना प्रारंभ की गई है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति समुदाय के समाज प्रमुखों एवं नौकरी प्राप्त युवाओं से परिचय प्राप्त कर क्या काम करते हो कि जानकारी ली। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा समाज के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए जागरूक करने समाज के लोगों से आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर बंगला में पहाड़ी कोरबा एवं बिरहोर जनजाति समुदाय के लोगों के साथ भोजन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर, आईआरएस ज्योतिष के, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, डीएफओ श्री जितेंद्र उपाध्याय भी उपस्थित थे। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पीएम जनमन योजना के तहत मिल रहे सुविधाओं को समाज तक पहुंचाने आग्रह किया। अपने बीच अधिकारियों को पाकर पहाडी कोरवा,बिरहोर समाज एव बहुत ही खुश हुए। धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने एवं शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए समाज के लोगों को जागरूक करेंगे। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर समाज प्रतिनिधि,युवाओ का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि अपने समाज के लोगों को आगे बढ़ाए, उन्हें शिक्षित करे आज शासन के द्वारा शिक्षित युवाओं को नौकरी दी जा रही है समाज को आगे बढ़ाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है आप सभी सहयोग करें। आप मार्गदर्शक बनकर उन्हें प्रेरणा दे समाज को नई दिशा प्रदान करे और अपने परिवार समाज का नाम रोशन करें। पुलिस अधीक्षक ड़ी रविशंकर ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर समाज के प्रतिनिधि एवं युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समाज के लोगों को आगे बढ़ाएं उन्हें जागरूक करें जिससे समाज के छूटे हुए लोग मुख्य धारा से जुड़कर शासन से मिलने वाली योजना का लाभ ले। उन्होंने कहा कि जीवन में संघर्ष करने से ही सफलता मिलती है।

### लोगों ने की प्रबल प्रताप से सौजन्य भेंट



**जशपुर।** शनिवार की सुबह घने कोहरे के बीच जब बगीचा के भाजपा कार्यकर्ताओं को पता चला उनके बीच हिन्दू कुल तिलक जननायक आपरेशन घर वापसी के नायक कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव आने वाले हैं तो कार्यकर्ताओं की खुशी का ठिकाना ना रहा। आनन फानन में कार्यकर्ता बगीचा के रेस्टहाउस में जमा हो गए जहां प्रबल बाबा से लोगों ने सौजन्य भेटा की । दरअसल आज आपरेशन घर वापसी के नायक भाजपा प्रदेश मंत्री कुमार प्रबल प्रताप सिंह जुदेव का श्रेत्र भ्रमण करते हुए सरगुजा के कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात का कार्यक्रम निश्चित था इसके लिए प्रबल बाबा सुबह सवेरे ही अपने निवास विजय विहार से निकल चुके थे ! बहरहाल बगीचा रेस्टहाउस में बाबा से सौजन्य मुलाकात में भाजपा बगीचा के वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर प्रसाद गुप्ता, मंडल महामंत्री पवन सिंह, पार्षद ताहिर चिश्ती, जनपद सदस्य बगीचा विपीन सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रित्विक जैन, संतोष गुप्ता, मिथलेश यादव, संजय मद्रासी, शुभम जिन्दल, शैलेश पाठक, प्रभात सिदाम, रिषु केसरी, अजय सोनी, रविन्द्र सिंह, विवेक गुप्ता और भी अन्य भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे !

## जनवरी से स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग कोर्स का होगा आयोजन

■ जिला प्रशासन की अभिनव पहल

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की स्वायत्त संस्था भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे द्वारा संचालित बेसिक कोर्स इन स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग के 5 दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन 9 जनवरी से 13 जनवरी तक किया जाएगा।

जिले के युवा जशपुर में ही स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कैरियर का चुनाव कर सकेंगे। जिले के प्रतिभागियों के लिए आयोजित यह 5 दिवसीय कोर्स पूरी तरह निशुल्क एवं आवासीय होगा। भारतीय फिल्म और टेलिविज़न संस्थान पुणे के प्रशिक्षक यहां आकर इस कोर्स का प्रशिक्षण देंगे। आजकल स्मार्टफोन के माध्यम से बनाए गए शॉर्ट फिल्म और वीडियोज़ का चलन काफी बढा है। स्थानीय स्तर पर फिल्मों में रुचि रखने वाले अधिकांश लोगों के पास महंगे टूल्स उपलब्ध नहीं होते। जिससे उनकी रचनात्मकता और कौशल को बढ़ावा नहीं मिल पाता है। इस कोर्स के माध्यम से जशपुर जिले के स्थानीय प्रतिभागी यह जान सकेंगे कि स्मार्टफोन के माध्यम से मूवी मेकिंग कैसे की जा सकती है। इस कार्यशाला में अभ्यर्थियों को स्मार्टफोन से फिल्म मेकिंग, शॉर्ट फिल्म बनाना, किसी घटना तथा विषय वस्तु पर वीडियोग्राफी, सिनेमैटोग्राफी जैसी कलाएं सिखाई जाएंगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के प्रतिभागियों जिनकी उम्र 18 वर्ष या अधिक है तथा जिन्होंने बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, के लिए यह कोर्स आयोजित किया जा रहा है। विशेष परिस्थितियों में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण पर भी विचार किया जाएगा। आवेदन करने वाले प्रतिभागियों के पास वीडियो रिकॉर्डिंग करने योग्य एंड्रॉयड स्मार्टफोन होना आवश्यक होगा। इसमें कुल प्रतिभागियों की संख्या 40 होगी। कोर्स में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में 7 जनवरी को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में स्क्रीनिंग के माध्यम से प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। सफलतापूर्वक कोर्स पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा।



## कलेक्टर ने पीएम आवास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर ने दोकडा, बंसीबहार और ढोढ़ीबहार गांव पहुंचकर चल रहे पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से भी चर्चा की और पीएम आवास को लेकर पंचायत सचिव से जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं आप्रारंभ कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने जनपद सीईओ, पीएम आवास के अधिकारियों, कर्मचारियों, सचिव को पंचायत में भ्रमण कर पीएम आवास के तहत बन रहे प्रगतिरत और शेष बचे निर्माण कार्यों की शीघ्र पूर्ण करने की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर समस्याओं से अवगत हुए और पीएम आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने समझाइश दिया। इस दौरान एसडीएम श्री एस लाल, तहसीलदार सुशील कुमार सेन, जनपद सीईओ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे आम नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने का सिलसिला जारी है।

शुक्रवार को यात्रा जिले के कई ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसमें जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पोरतेंगा, विकासखंड कांसाबेल के ग्राम पोंगरो, ग्राम पंचायत, सालेकेरा, किलकिला सहित अन्य जनपद पंचायत के 2-2 ग्राम पंचायत शामिल हैं। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है। योजनाओं से संबंधित पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

## सिकलसेल परीक्षण: जामपानी बरपानी व चांपाटोली सम्मानित

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों जिले में आयोजित अटल सुशासन समारोह कार्यक्रम 28 दिसंबर को शत प्रतिशत सिकलसेल परीक्षण करने वाले दुलदुला विकासखंड के ग्राम जामपानी, बरपानी और चांपाटोली के सरपंच को सम्मानित किए गए। उक्त ग्रामों के सरपंचों द्वारा कार्ययोजना बनाकर सभी नागरिकों का सिकलसेल परीक्षण कराया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा 01 जुलाई को सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जा रहा है। जिले में 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों के सिकलसेल स्क्रीनिंग हेतु वृहद जांच अभियान चलाया जा रहा है सिकलसेल जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं हितग्राहियों के मोबिलाईजेशन के लिये पंचायत विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। ज्ञात हो कि जिले में सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत अब तक 156146 परीक्षण किया जा चुका है। प्रत्येक ग्राम, पारा, टोला में शिविर लगाकर सिकलसेल परीक्षण किया जा रहा है। 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों को सिकलसेल जांच कराये जाने हेतु अपील की जाती है।

Health Town

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।



# शूरा संग घूमने निकले अरबाज

**मुंबई।** सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के अचानक से दूसरी बार शादी की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी दुल्हन के बारे में जानने के लिए उत्सुक था। 24 दिसंबर 2023 को 'प्यार किया तो डरना क्या' एक्टर ने अपनी गर्लफ्रेंड और पेशे से मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। हाल ही में शादी के 5 दिन बाद अपनी पत्नी के साथ अरबाज खान डिनर डेट पर निकले। जहां कुछ यूजर्स ने दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार लुटाया, तो वहीं कुछ यूजर्स को शूरा को देखकर मलाइका अरोड़ा याद आ गई। अरबाज खान और शूरा खान अपने निकाह के बाद से ही खुद को पैपराजी से बिल्कुल दूर रख रहे हैं। हाल ही में दोनों का डिनर डेट से निकलते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।

लाइफ Style



# श्रुति हासन

## बॉयफ्रेंड से शादी की अफवाह पर ओरी को लताड़ा

दिग्गज अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। अब हाल ही में, ओरहान अवात्रामणि यानी कि ओरी ने कपल की शादी की बात बताई। इस खबर ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब श्रुति हासन ने आगे आकर खुद इस बात पर सफाई दी है। उन्होंने शादी की अफवाह का झूठ बताते हुए कहा कि वह यह भी नहीं जानती हैं कि ओरी कौन हैं। श्रुति हासन ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'मैं नहीं जानती कि वह कौन हैं। मैं अपना काम करने और अपनी जिंदगी जीने में व्यस्त हूं। मेरा ध्यान हमेशा उन लोगों पर रहा है, जो मेरे जीवन और मेरे आस-पास अच्छी ऊर्जा लाते हैं। मैंने हमेशा ही यह कहा है और मैं इस पर कायम हूं। मैं एक दर्पण की तरह हूं। मैं लोगों के साथ बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करती हूं, जैसा मेरे साथ किया जाता है और मैं इसके लिए कभी सॉरी नहीं हूं।' सालार अभिनेत्री ने आगे कहा, 'यह बहुत मूर्खतापूर्ण है। मैं चाहती हूं कि जो लोग मुझे नहीं जानते वह मेरे बारे में बात न करें। मैंने अपनी जिंदगी पूरी खुलेपन और ईमानदारी से जी है। अगर मैं शादीशुदा होती तो मैं इसे क्यों छुपाती। मैंने एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया क्योंकि मेरा सोशल मीडिया इस खबर से स्पैम हो गया था। यह काफी मजेदार था। मैं इस पर हंस रही थी।' हाल ही में, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर लिखा था, 'मैं शादीशुदा नहीं हूं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो हर चीज के बारे में खुलकर बात करती है। मैं इसे क्यों छिपाऊंगी? इसलिए जो लोग मुझे बिल्कुल नहीं जानते हैं, कृपया शांत हो जाएं।

## हॉलीवुड मसाला




# इंडस्ट्री को दिए कई सुपरहीरो

**लॉस एंजिलिस।** स्टेन ली एक ऐसा नाम है जिससे हम सभी के बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। स्टेन ली कॉमिक बुक राइटर और एडिटर थे। यह वही शख्स हैं जिन्होंने दुनिया को 'स्पाइडरनमैन', 'द हल्क', 'आयरन मैन' जैसे किरदार और मार्वल कॉमिक्स दी थी। हॉलीवुड में स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स को लेकर कई फिल्में बनाई गई हैं, जिन्हें दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया। तो आइए जानते हैं स्टेन ली की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें... 28 दिसंबर 1922 को न्यूयॉर्क में जन्मे स्टेन ली ने 1961 में दि फैंटास्टिक फोर के साथ मार्वल कॉमिक्स की शुरुआत की थी।



# दुनियाभर में बज रहा वोंका-एक्वामैन 2 का डंका

लॉस एंजिलिस। एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की › वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। दोनों ही फिल्में बुधवार को रिलीज हुई थीं। शुक्रवार तक यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी।



# 2024 में रचाएंगी दूसरी शादी

**मुंबई।** क्या मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है? मलाइका ने डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' ने अर्जुन से ब्रेकअप की अफवाहों को हवा दी। मलाइका, फराह खान के साथ शो में जज हैं। हाल में शो का नया प्रोमो जारी हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह, मलाइका से उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछती हैं। जिस अंदाज में वह जवाब देती हैं, उससे लगता है कि वह अब सिंगल हैं और किसी और शादी करना चाहती हैं। मलाइका का यह बयान उनके पूर्व पति अरबाज खान की दूसरी शादी के बाद आया है। 'झलक दिखला जा' के प्रोमो वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान ने मलाइका अरोड़ा से पूछा, "2024 में, क्या आप सिंगल पेरेंट कम एक्ट्रेस से डबल पेरेंट कम एक्ट्रेस बन जाएंगी?" इस सवाल से मलाइका उलझन में पड़ गईं।



# फिर कंट्रोवर्सी में फंस गए रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर हमेशा ही सुर्खियों में रहते हैं। या अगर हम सीधा कहें कि कॉन्ट्रोवर्सी का हिस्सा बने रहते हैं तो गलत नहीं होगा। ये तो जगजाहिर है कि रणबीर ऑफिशियली सोशल मीडिया पर नहीं हैं। ना तो वो कोई पोस्ट करते हैं, ना ही इधर-उधर कोई बयानबाजी देते हैं। फिर भी वो विवादों का शिकार हो ही जाते हैं। हाल ही में रणबीर की एनिमल फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म में उनके कैरेक्टर, डायलॉग्स और बिहेवियर को लेकर काफी विवाद हुआ। उनके कैरेक्टर रणविजय के साथ-साथ रणबीर को भी टॉक्सिक बता दिया गया। लेकिन ऐसा सिर्फ रील लाइफ तक ही सीमित नहीं है। एनिमल विवाद की आंच अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि कपूर खानदान के सलाना क्रिसमस सेलिब्रेशन का हिस्सा बने रणबीर फिर नई मुसीबत में फंस गए।

## टीवी मसाला



# जोरदार होगा वीकेंड का वार, एक-दो नहीं पहुंचेंगे कई खास मेहमान

**मुंबई।** बिग बॉस 17 का वीकेंड का वार का सभी को इंतजार रहता है। सलमान जिस तरह से कंटेस्टेंट को समझाते हैं या फिर फटकार लगाते हैं वह कोई और नहीं कर सकता। हर हफ्ते कोई ना कोई सेलिब्रिटी अपने शो और फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचता है। बीते हफ्ते क्रिसमस पर रवीना टंडन और अब्दू रोजिक मेहमान बने थे। उन्होंने कंटेस्टेंट और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब आने वाले वीकेंड में कई और स्पेशल मेहमान आएंगे जो सलमान के कारीफी करीब हैं। वीकेंड का वार के स्टेज पर एक बार फिर से दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र पहुंचेंगे। धर्मेंद्र शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह करीब 3 साल से शो में लगातार मेहमान के रूप में नजर आए हैं। सलमान उनका बहुत सम्मान करते हैं। उनके साथ गहरा रिश्ता है। धर्मेंद्र के साथ कृष्णा अभिषेक भी स्पेशल एपिसोड में पहुंचेंगे जो दर्शकों को खूब हंसाने का काम करेंगे। दोनों के साथ का यह एपिसोड कमाल का होने वाला है।

# रोहित की वजह से टेंशन में आ जाएगा पौद्दार परिवार

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत में दिखाया जाएगा कि अरमान अकेले बैठकर पुराने दिनों को याद करेगा। वह रोहित के साथ बिताए पलों के बारे में सोचेगा। वहीं रोहित अपने कमरे में



बैठकर रोएगा। दादी-सा, रोहित को परेशान देख दुखी हो जाएंगी। वह रोहित के पास जाएंगी और उससे उसके नाराज होने की वजह पूछेंगी। रोहित, दादी-सा से मदद मांगेगा और एक प्लान बनाएगा। प्लान के मुताबिक, दादी-सा बड़ी मां को कॉल करेंगी और पौद्दार हाउस आने का कहेंगी। एक तरफ, रोहित तैयारियों में जुट जाएगा। दूसरी तरफ, अरमान अपना कमरा देख भड़क जाएगा। वह अभिरा से पूछेगा, 'ये सब क्या है?' अभिरा के मुंह पर टेप लगा होगा इसलिए वह लिख-लिखकर अरमान से बात करेगी। अरमान, अभिरा से टेप हटाने के लिए कहेगा लेकिन, अभिरा नहीं मानेगी। ऐसे में अरमान, अभिरा पर चिल्लाने लगेगा और तभी अरमान का भाई आ जाएगा। वह अरमान को बताएगा कि उसके लिए पुलिस आई है। अभिरा और अरमान हैरान रह जाएंगे। दोनों नीचे जाएंगे।

# पठान, जवान... नहीं 2023 में द केरल स्टोरी के नाम सबसे ज्यादा प्रॉफिट

**मुंबई।** साल 2023 बॉलीवुड के लिए काफी धमाकेदार साबित हुआ। कोविड के बाद ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने आग लगा दी। वहीं सिनेमाघरों में भी जमकर सीटियां गूंजी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर मूवीज मिलीं। शाहरुख खान, रणबीर कपूर और देओल फैमिली के लिए साल काफी अच्छा बीता। अब साल खत्म होने को है तो नफे-नुकसान पर नजर डालना भी बनता है। पठान, जवान, गदर2, एनिमल ने खूब वाहवाही बटोरी। हालांकि प्रॉफिट की बात करें तो एक ऐसी फिल्म लिस्ट में टॉप है जो लोगों के ध्यान से उतर चुकी है। साल 2023 की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म पठान के धमाके से हुई। इसके बाद जवान और गदर 2 शोर रहा। फिल्मों ने बंपर कमाई की, ब्लॉकबस्टर भी रहीं लेकिन अगर फिल्म में लगे बजट को देखते हुए प्रॉफिट की बात की जाए तो पठान, जवान काफी पीछे हैं। टॉपर है द केरल स्टोरी।




**ओएमजी 2 :** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 कॉन्ट्रोवर्सी में रही। गदर 2 के साथ इसका क्लैश था। इसके बाद भी फिल्म ने ठीक-ठाक प्रॉफिट कमा लिया। मूवी का बजट 65 करोड़ के करीब था। इसने 150 करोड़ का बिजनस किया। मूवी को 130.76 फीसदी फायदा हुआ।

**पठान:** शाहरुख खान की फिल्म पठान साल की पहली बंपर हिट थी। मूवी ने कमाई के कई रिकॉर्ड्स तोड़े। फिल्म 250 करोड़ के तगड़े बजट में बनी थी। मूवी का बिजनस 543.22 करोड़ रहा। इस इसका प्रॉफिट 117.28 फीसदी रहा।

### द केरल स्टोरी

द केरल स्टोरी मूवी काफी चर्चा में रही थी। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 30 करोड़ रुपए में बनी थी। इसने 238.27 करोड़ की कमाई की। इस हिसाब से इसका रिटर्न 694.23 फीसदी रहा।

### गदर 2

दूसरे नंबर पर मालामाल हुई गदर 2 की टीम। फिल्म का बजट 75 करोड़ के आसपास था। मूवी ने 525.50 करोड़ कमाई की। मूवी को 600.66 फीसदी रिटर्न मिला।

### एनिमल

तीसरे नंबर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने नोट छापे। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये था। इसने 537.27 करोड़ कमाए और अभी भी थिएटर्स में है। मूवी को 168.63 फीसदी रिटर्न मिला।

### 12वीं फेल

चौथा नंबर है विक्रांत मैसी स्टारर मूवी 12वीं फेल का। फिल्म का बजट महज 20 करोड़ था। मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म का बिजनस 51.93 करोड़ था तो रिटर्न 159.65 फीसदी रहा।

# काजोल ने दिखाया अपना AI अवतार

**मुंबई। AI** आज हर किसी की लाइफ का एक खास हिस्सा है। किसी भी काम को करने के लिए लोग अब एआई का सहारा लेते हैं। एआई एक ऐसा टूल है, जिसके जरिए लोग फोटो भी तैयार करते हैं। कुछ समय पहले ही कटरीना कैफ ने 'मैरी क्रिसमस' स्टार की एआई वर्जन में लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की थीं। अब काजोल ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एआई वर्जन में बनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इस पर उनके फैंस भी जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। शुक्रवार को एक्ट्रेस काजोल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। यह फोटोज उनके एआई वर्जन की है। इन फोटोज में उनका विलेन का अवतार देखने को मिल रहा है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'आखिरकार मैं इस विचार को घर ले आई, यह सार्थक है। मुझे यह पसंद है, शायद किसी दिन इसे आजमाएं'। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा 'मेरा विलेन इरा शुरू और मेरा हैनिबल लुक'। फोटोज में काजोल का लुक बिल्कुल हैनिबल सीरीज के करैक्टर की तरह लग रहा है। इन फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दे रही हैं।



## अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, तुलसी सेहत के लिए फायदेमंद

# सर्दियों में च्यवनप्राश की जगह खाएं आयुर्वेदिक चीजें

जब आप छोटे रहे होंगे तब च्यवनप्राश जरूर खाया होगा। इसके अनगिनत फायदे बताकर घर वाले आपको खिलाया करते होंगे। लेकिन अब दौड़ती-भागती जिंदगी के कारण कई लोग इसका सेवन नहीं कर पाते। च्यवनप्राश को गुणों से भरपूर माना जाता है और दावा किया जाता है कि यह इम्यूनिटी मजबूत करता है। इसलिए सर्दियों में इसे खाना काफी फायदेमंद है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

च्यवनप्राश का स्वाद खट्टा-मीठा और तीखा होता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि इसका नाम 'च्यवन' ऋषि के नाम पर रखा गया है। च्यवनप्राश अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, सफेद चंदना, तुलसी, इलायची, अर्जुन, ब्राह्मी, केसर, घृत और शहद आदि को मिलाकर बनाया जाता है। 15 साल से अधिक एक्सपीरियंस वाली डाइटीशियन आशु गुप्ता का कहना है कि आज के समय में लोग नेचुरल फूड्स खाने की अपेक्षा मार्केट में बनी चीजें खाना पसंद करते हैं। अगर आप च्यवनप्राश के इंग्रेडिएंट को डायरेक्ट खाएंगे तो आपको अधिक फायदा होगा। अगर आप चाहें तो च्यवनप्राश जिन चीजों से बनता है, उनमें से कुछ चीजें आपकी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।



### तिल

तिल, सर्दियों में काफी प्रयोग में आती है। इसमें काफी मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। 28 ग्राम तिल में 160 कैलोरीस 5 ग्राम प्रोटीन, 3.3 ग्राम फाइबर होता है। इसमें जिंक, सेलेनियम, कॉपर, आयरन, विटामिन बी 6 और विटामिन ई काफी अच्छी मात्रा में होता है जो शरीर के व्हाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाता है।

### आंवला

आंवला पोषक तत्वों का एक पावरहाउस है। यह च्यवनप्राश का मुख्य इंग्रेडिएंट है। आंवला विटामिन सी के सबसे अच्छे सोर्स में से एक है। इसमें काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और इम्यूनिटी बूस्टर होते हैं। 100 ग्राम आंवला में लगभग 700 ग्राम विटामिन सी होता है। सर्दियों में इसके सेवन से काफी फायदा होगा।

### पिपली

स्वाद में तीखा और तासीर में गर्म पिपली 2000 वर्षों से भी पुरानी जड़ी-बूटी है। सदियों से इसका प्रयोग सेहत को अच्छा रखने के लिए होता आ रहा है। खांसी और सर्दी को जड़ से खत्म करने और इम्यूनिटी बढ़ाने में यह काफी फायदेमंद है।

### तुलसी

तुलसी में विटामिन सी और जिंक भरपूर मात्रा में होता है। यह नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है जिससे इंफेक्शन कम होता है। इसमें मौजूद भरपूर मात्रा में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण कई तरह से फायदे पहुंचाते हैं।

### नीम

नीम इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देती है जिससे शरीर विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्त रहता है। यह ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है। डायबिटीज वाले लोगों को यह काफी फायदेमंद है। मलेरिया, वायरल फ्लू, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाने में भी यह काफी फायदा पहुंचाता है।

# 50 साल की हुई एक्ट्रेस ट्विंकल



**मुंबई।** एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना आज यानी 29 दिसंबर को अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्विमिंग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उनके साथ पति अक्षय कुमार और दोनों बच्चे आरव और नितारा भी दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर करते हुए 'बस तैरते रहो' और अपने जीवन को रोमांचक बनाने का मैसेज दिया। वीडियो में सभी डाइविंग मास्क और स्विमफिन पहने हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पत्नी ट्विंकल खन्ना के लिए प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने हल्क के साथ ट्विंकल की एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मेरे हल्क तुम लंबे समय तक जीती रहो!! अपने ह्यूमर से इतने साल तक हमें हंसाने के लिए धन्यवाद!! भगवान तुम्हारी उम्र में कई और साल जोड़े। जन्मदिन मुबारक हो, टीना।

## खबर संक्षेप



### बेयर हाउस औरदा में सड़ रहा 50 क्विंटल हाफ बीट

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम औरदा में कई गोदाम हैं जहां लाखो टन अनाज शासन द्वारा संग्रहण किया जाकर उसका वितरण किया जाता है। उक्त गोदाम के बगल के खाली स्थान में लगभग 50 क्विंटल सढी हुई हाफ बीट पिछले कई सालों से पडी हुई है जिसका डिस्पोज नहीं हो पाया है जिससे उक्त स्थान चुहे और सांप का अड्डा बनते जा रहा है ऐसे स्थिति में उक्त चूहे सांप की डर से भण्डारण हुए अनाज की ओर छुपने और अनाज खाने पहुंच रहे हैं। बताया जाता है इन चूहों की संख्या इतनी अधिक हो गई है ये बोरे में रखे अनाज को दिनों दिन चट कर रहे हैं ऐसे स्थिति में अनाज की भरपाई यहां के प्रभारी सहित अन्य लोगों को करना पड रहा है।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुनाया प्रसंग

**सरसींवा।** हनुमान मंदिर सरसींवा के पास आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के 6वें दिन सरसींवा के कथा वाचक पूज्य पं. चंद्रशेखर दुबे ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक पं. चन्द्रशेखर महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार कियाए वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्सा, इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ।

### फसल बीमा के आवेदन की अंतिम तिथि कल

**सरसींवा।** बिलाईगढ़ 30 दिसंबर जिला कर्यालय से मिली जानकारी के अनुशार कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय नवा रायपुर ने पीएम फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर को अवकाश होने के कारण तिथि बढ़ाकर 01 जनवरी 2024 निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के रबी और उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा किया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए जरूरी दस्तावेजों में किसान के जमीन के दस्तावेज़, किसान का पहचान प्रमाण पत्र आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, किसान का पता प्रमाण। वोटर कार्ड बैंक अकाउंट की जानकारियाँ जैसे बैंक का नाम, शाखा, अकाउंट नंबर। किसान द्वारा फसल के बुआई शुरू किए हुए दिन की तारीख, आवेदन फार्म आदि है।

## दुर्घटना का कारण सड़कों की जर्जर स्थिति, बाइक सवार हो रहे हादसे के शिकार


# 2 वर्ष में 650 लोगों की सड़क हादसे में गई जान, 900 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में सड़कों की दयनीय स्थिति की वजह से बीते करीब 2 वर्षों में करीब साढे 600 लोगों की असमय मौत हो गई, वहीं करीब 900 लोग घायल हो गए। वर्ष 2021 में वर्ष 2022 की तुलना में अधिक दुर्घटनाएं होना दर्ज किया गया।

गौरतलब है कि जिले की अधिकतर सड़कों की स्थिति काफी दयनीय है। इन सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव इस कदर रहता है कि मरम्मत होने के कुछ ही माह बाद यह सड़कें फिर से जर्जर हो जाती हैं। ऐसे में जिले में जर्जर सड़के लोगों की असमय मौत का कारण बन रही हैं।

बता दें कि हर दिन सड़क हादसे की सूचना मिलती है, जिसमें किसी राहगीर की मौत होने की सूचना रहती ही है। जानकारी के अनुसार जिले में सड़कों की खराब स्थिति पर कई बार लोगों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई करने की मांग भी की, लेकिन अब तक इस मामले में कोई उचित पहल नहीं की जा सकी है। नतीजतन हर दिन किसी न किसी राहगीर की सड़क हादसे में असमय मौत की सूचना सामने आती है। सडकों की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार अलग अलग क्षेत्रों से जिला प्रशासन के पास जीर्णोद्धार को लेकर आवेदन आते रहते है। इसके अलावा कई बार कलेक्टर द्वारा भी सडकों की मरम्मत सही तरीके से करने को लेकर अधिकारियों को हिदायत दी जाती है। किंतु कार्य में लापरवाही की वजह से कुछ ही महीने में सडक पुनः जस की तस हो जाती है। जो सडक हादसों के रूप में सामने आता है और इन सडक हादसों में कई लोग घायल हो जाते है तो कई की मौत भी हो जाती है।



**2 वर्ष 1247 सड़क हादसे**

वर्ष 2021 व 2022 में कुल 1247 सड़क हादसे हुए। आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2021 में सडक दुर्घटना के 624 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमें करीब 258 लोगों की मौत हो गई, 423 लोग घायल हो गए। इसी प्रकार वर्ष 2022 में सड़क हादसे के 623 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमें 307 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, वहीं 483 लोग घायल हो गए।



## अनियंत्रित महतारी एक्सप्रेस घर में घुसी, वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मरीज को उसके घर छोडकर वापस लैलूंगा लौट रही महतारी एक्सप्रेस उस वक्त दुर्घटना की शिकार हो गई जब उसका चालक लघु शंका करने गया था और वाहन में मौजूद चालक के मित्र ने शराब के नशे में वाहन चलाते हुए एक घर में वाहन को घुसा दिया जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और घर की दीवार भी टूट गई।

ड्राइवर का कहना है की ड्राइवर मरीज को छोड़ने के बाद किसी अन्य साथी के साथ शराब पिया उसके बाद ड्राइवर कहीं लघु संका के रुका था उसी दौरान शराबी साथी नें 102 गाड़ी को स्टार्ट करके तेज गति से गाँव के एक घर में जा घुसी है। लेकिन गाँव वालों का कहना है की ड्राइवर भी काफी शराब के नशे में चूर था जिसके कारण ऐ घटना हुई है। शराबी ड्राइवर की वजह से किसी की जान को सुरक्षित रखने के लिए लाने और लेजाने का काम करने वाले महतारी एक्सप्रेस में आम जनता की सुरक्षा कहीं न कहीं खतरे में नजर आ रही है।

## सीएसपी व कोतवाली पुलिस ने जगतपुर में की छापेमारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जगतपुर में अवैध शराब की बिक्री पर कडी कार्रवाई करने की कडी में सीएसपी व कोतवाली थाना प्रभारी ने बीती देर शाम जगतपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री को लेकर छापेमार कार्रवाई करते हुए जांच पडताल की।

इस दौरान इस कृत्य में संलिप्त सात आरोपियों की धर पकड भी की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं टीआई कोतवाली शनिप रात्रे एवं उनकी टीम द्वारा नया जगतपुर मोहल्ले एवं आसपास के वार्डों में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी की गई हालांकि दो दिनों में कहीं अवैध शराब बरामद नहीं हुआ है। सक्रिय मुखबीरों से प्राप्त सूचनाओं पर पुलिस टीम विधिवत मकान, बाड़ी व अन्य स्थानों की तलाशी ली जा रही है।

■ **अवैध शराब की जांच पडताल, सात आरोपियों को धर दबोचा**

इस दौरान अधिकारियों ने अवैध शराब की बिक्री पर संबंधितों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है और भविष्य में भी अवैध शराब बिक्री नहीं करने हिदायत दिया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली ने थाने के विवेचक उप निरीक्षक दिनेश बहिदार, सउनि इगेश्वर यादव, गौतम ठाकुर, महिला प्रधान आरक्षक अरूणा चौरसिया के टीम बनाकर अलग अलग समय पर वार्डों में दबिश देकर रोजनामचा रिपोर्ट दर्ज करने निर्देशित किया गया है। छापेमारी दौरान मोहल्लेवासियों को समझाईश देते हुए अवैध शराब एवं अनैतिक कार्य में संलिप्त लोगों के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की।

विदित हो कि कोतवाली पुलिस द्वारा जगतपुर, नया जगतपुर, ईशानगर में अवैध शराब बिक्री की सूचनाओं पर कार्यवाही करते आरोपी रंजीत सिदार, गोपाल एक्का, गोपाल दास महंत, कार्तिक एक्का, अनिल कुमार मिंज, अजेश कुमार और राजेंद्र राम उरांव को पकड़ा गया और आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। कोतवाली पुलिस अवैध शराब की सूचनाओं पर आगे भी कार्यवाही जारी रखेगी।

## रामलला के लिए सुगंधित चावल अर्पण समारोह में रायगढ़ भी हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुगंधित चावल अर्पण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्री राम मंदिर परिसर से 300 मीट्रिक टन चावल से भरे 11 ट्रकों को झंडी दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया।

सुगंधित चावल अर्पण समारोह में राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से जन्मभूमि अयोध्या के लिए सुगंधित चावल भेजा गया है। वहीं प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में शनिवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने ड्रायफ्रूट की माला, साफा और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया। समारोह में सांसद सुनील सोनी, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल राम मंदिर के उपाध्यक्ष सुनील रामदास का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी राईस मिलर्स आमंत्रित थे, उक्त कार्यक्रम के रायगढ़ के राईस मिलर्स में से अधिश रतेरिया, दीपक मित्तल गोलू गोपाल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, नवल अग्रवाल आरजे ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय का पुष्प से स्वागत किया।

## वनविभाग से महिला को मिला छह लाख का मुआवजा




**सरसीवा।** बिलाईगढ़ के ग्राम खुरसुला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में मृतक पवन गोड की पत्नी श्रीमती शांति बाई ने बताया कि भालू द्वारा किए गए हमले से मेरे पति की मृत्यु होने पर हमारे परिवार को 6 लाख रुपये वन विभाग द्वारा सहायता दिया गया। वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के रेंजर आसिफ खान ने बताया कि मृतक के परिवार को तात्कालिक रूप से 25 हजार रुपए का सहायता दिया गया। इसके बाद 5 लाख 75 हजार रुपए का सहायता प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम खुरसुला के पास के जंगल में महुआ बिनने एवं बकरी चराने के लिए पवन सिंह गोड पिता अदालत सिंह उम्र 55 वर्ष ग्राम खुरसुला जंगल गया था। घटना 02 अप्रैल 2023 के सुबह 9 बजे की है। खुरसुला के बकली पाली में गोठान से दो सौ मीटर दूर बेंद्रीचुवा नामक स्थान में भालू के हमला कर देने से मृतक की वही मौत हो गई। घटना की सूचना पर वन विभाग ने मृतक को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ भिजवाया गया था।

## ओपी को वित्त मंत्रालय मिलने का जिले को होगा फायदाः उमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी को मंत्री पद हेतु योजना आयोग एवम वित्त विभाग दिया जाना रायगढ़ जिले के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। मीडिया को दिए बयान में जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा वित्त एवं योजना आयोग का मंत्री बनाया जाना रायगढ़ जिले के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

छग गठन के बाद रायगढ़ जिले को पहली बार केबिनेट मंत्री का दर्जा मिला इसके पहले लैलूंगा विधायक सत्यानंद राठिया कुछ समय के लिए रमन सरकार में वन विभाग के केबिनेट मंत्री रहे थे । दो दशक बाद ओपी चौधरी को वित्त एवं योजना आयोग का केबिनेट मंत्री बनाए जाने से पूरे जिलेवासियों सहित कार्यकर्ताओ में हर्ष का माहौल है। भाजपा नेता उमेश अग्रवाल ने कहा प्रदेश के खजाने की चाबी रायगढ़ जिले के पास रहेगी और स्थानीय विकास के लिए धन की कमी आड़े नही आयेगी। भाजपा के कार्यकाल के दौरान किये गए बड़े कार्यों का उल्लेख करते हुए उमेश अग्रवाल ने कहा मेडिकल कॉलेज केलो परियोजना सूरज गढ़ पुलिया, एसईसीएल पुलिया ओपी जिंदल सेतु एसावित्री जिंदल सेतु, चक्र पथ रायगढ़ की पच्चीस सड़को का चौड़ीकरण रेलवे क्रॉसिंग में ओवर ब्रिज समेत ढेरो बड़े विकास कार्य भाजपा कार्यकाल की देन है। कांग्रेस सरकार पिछले पांच साल में टेंडर होने के बावजूद संजय कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य नही करा पाई। कांग्रेस सरकार पांच सालो के दौरान केवल भ्रष्टाचार करने में व्यस्त रही। आम जनता ने बड़ी ही उम्मीदों से सरकार बदली है।

उमेश अग्रवाल ने कहा जनता की उम्मीदों पर भाजपा खरा उतर कर दिखायेगी और भ्रष्ट व्यवस्था की जगह सुशासन लाने का वादा करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी द्वारा दिए गए बयान का उल्लेख करते हुए कहा दो सालो के अंदर ही बदली हुई तस्वीर दिखना शुरू हो जाएगी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी को जिले वासियों सहित आम जनता की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा भाजपा नेता ने कहा रायगढ़ में विकास के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने वाले ओपी चौधरी प्रदेश के वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास, पर्यावरण व योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री बने है। उनके दीर्घकालिक प्रशासनिक सेवाओ के अनुभव का लाभ जिले वासियों को मिलेगा। प्रशासनिक अनुभव की वजह से रायगढ़ विकास के लिए बेहतर शासकीय योजनाओं भी बनेगी एवम उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से होगा।

## बुजुर्ग से मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रायगढ़।** ग्राम बेहरापाली में रहने वाले सिद्धेश्वर मिश्रा उम्र करीब 77 वर्ष द्वारा थाना चक्रधरनगर में ग्राम महापल्ली के कृष्णा प्रधान उर्फ कुष्टो और उसके साथी द्वारा शराब पीने के लिए रूपए मांग कर गाली गलौच और मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए चक्रधरनगर पुलिस द्वारा तत्काल गैर जमानतीय धाराओं पर अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। रिपोर्टकर्ता सिद्धेश्वर मिश्रा ने बताया कि वे मंदिरों का पूजा पाठ करते हैं। 21 दिसंबर को छातामुडा बाईपास के पास शिव मंदिर में पूजा पाठ करने गए थे और वापस घर अपने मोपेड वाहन से जा रहे थे कि शाम करीब 06.30 बजे पहाड़ मंदिर शराब भट्टी के आगे हनुमान मंदिर के पास महापल्ली का कृष्णा प्रधान उर्फ कुष्टो और उसका दोस्त गाडी को जबरदस्ती रोककर शराब पीने के लिए 500 रूपए मांगने लगे जिन्हें रूपये नहीं देने पर गाली गलौच, मारपीट किए। वहां से आगे बढने पर दोबारा दोनों आरोपी रास्ते में रोककर मारपीट किए। थाना चक्रधरनगर में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के निर्देशन पर पीड़ति का मुलाहिजा कराकर



आरोपियों के विरूद्ध रास्ता रोककर गाली गलौच और मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने की सुसंगत धाराओं पर अपराध दर्ज कर तत्काल आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी के लिये पुलिस ने महापल्ली में दबिश दी। पहले नामजद आरोपी कृष्णा प्रधान उर्फ कुष्टो पिता स्व भुवनेश्वर प्रधान 51 साल निवासी महापल्ली को हिरासत में लिया गया और उसके साथी राज कुमार कुल्लू पिता मंगलू कुल्लू उम्र 30 साल निवासी डिपा पारा महापल्ली थाना चक्रधरनगर को हिरासत में लेकर दोनों आरोपियो को थाने लाया गया जिन्हें अपराध में गिरफ्तार कर कल ही कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

## पारंपरिक गहरा मेला कराने सरपंच, बीडीसी जुटे



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से लगभग 13 किमी दूर ग्राम मिडमिडा के सीमा में कुध्री बाजार के नाम से एक बजार प्रति सप्ताह लगता है जिसमें आसपास के ग्राम नेतनागर, झलमला, दर्रामुडा, भाठनपाली, लहंगापाली सहित अन्य ग्राम के लोग यहां खरीदी करने आते हैं इसके साथ इस बाजार की इतनी प्रसिद्धि है कि जिले में इसका नाम लिया जाता है।

यहां के गहरा मेला को लेकर काफी उत्साही रहते हैं इसलिए लोग इसका साल भर से प्रतिक्षा में रहते हैं। उक्त गहरा मेला में रावत नाचा, नाच गाना, अपेरा नाटक के साथ साथ भेड़ा लड़ाई, पक्षियों की लड़ाई सहित अन्य रोमांचक प्रतियोगितायें होती थी जिसमें अब काफी कटौती होते जा रहा है इसके बावजूद भी बाजार का आकर्षण बनी रहे इसके लिए बीते गुरूवार को यहां के सरपंच सचिव द्वारा आस पास के पूर्व एवं वर्तमान सरपंच बीडीसी एवं गणमान्य लोगों की बैठक कराई जिसमें रेषम लाल साव, भिखरी यादव, नेहरू किसान गजेन्द्र चैहान, अनिल गुप्ता आनंद बारीक, सुभाश किसान शशिभूषण मेहर पूर्णचद्र उरांव, प्रहल्लाद किसान ललित किसान जित्तेसिंह, सत्यनारायण, रामनारायण नंदे, बलराम साव इन्दरलाल सारथी, श्रीमती संजू किसान, सुमन पाव, नरेन्द्र सिंह, मगनपाल सिंह, किशोर गुप्ता, सत्ते सिंह, गौरांग साव, प्रेमशंकर पंडा, आलोक सा सहित अन्य लोग मौजुद रहे।

जानकारी के मुताबिक 5 जनवरी को यहां गहरा मेला होना है इसके लिए आस पास के मवेशी पालको, नाटक पार्टियों से संपर्क किया जा रहा है ताकि वे मेला के दिन आकर अपना प्रदर्शन करें। उक्त बैठक को लेकर जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष गौरांग साव ने बताया कि बाजार की भव्यता क्षेत्रीय लोगों के संपन्नता को बोध कराता है।







